(7)

पत्र संख्या-स्था-5(ग) आ0ले0प0 /मानव सम्पदा / 2022-2023/ 5128 / राज्य कर

कार्यालय- आयुक्त, राज्य कर उत्तर प्रदेश
(स्थापना -अराजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ // दिनॉक // 17 -02- 2023

समस्त जोनल अपर आयुक्त , राज्य कर

अपर निदेशक (प्रशिक्षण) प्रशिक्षण संस्थान, राज्य कर, गोमतीनगर लखनऊ।

कृपया निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश 510/217, न्यू हैदराबाद, लखनऊ के पत्र संख्या आ0ले0प0-4036/8160/अधि0/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, लखनऊ दिनांक 25-01-2023 का सन्दर्भ ग्रहण करनें का कष्ट करें , जिसके द्वारा मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से मेरिट बेस्ड आनलाइन ट्रांसफर सिस्टम विकसित किए जाने के सम्बंध में समस्त विभागों/कार्यालयों की कार्यालय आई0डी0 बनाए जाने के संबंध में दिए गये दिशा निर्देशों के क्रम में वांछित सूचना निर्धारित प्रारूप में प्रेषित किए जाने की अपेक्षा की गयी है। अत: वॉछित प्रारुप इस निर्देश के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि सूचना निर्धारित प्रारूप में भरकर दिनॉक 20.02.2023 तक प्रत्येक दशा में इस कार्यालय को डाक / ई-मेल (cta3comhqlu-up@nic.in) के माध्यम से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।

(ओम प्रकाश वर्मा)
अपर आयुक्त , राज्य कर
प्रभार- अपर आयुक्त (प्रशासन) राज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

श्री रंजन जी
D.C. (T.T)
20/02/023

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि- संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर, मुख्यालय को विभागीय वेबसाइट के सूचना बोर्ड पर अपलोड कराने हेतु ।

Upload

(अखिलेश कुमार सिंह)
संयुक्त आयुक्त (स्था0अराज0) राज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

C:\Users\istha5ga\Desktop\5(ga)patal\letter.docx

अनुस्मारक/आवश्यक

प्रेषक,

निदेशक,
आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा,उ०प्र०
510/217, नया हैदराबाद लखनऊ।

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष (बेसिक शिक्षा/ परिवार कल्याण/चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, खाद्य एवं रसद विभाग, कर्मचारी राज्य बीमा योजना, कानपुर, सामूहिक बीमा निदेशालय, होम्योपैथी, प्राविधिक शिक्षा परिषद, राज्य संपत्ति, न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, वित्तीय प्रबंध एवं शोध संस्थान, तथा राष्ट्रीय छात्र दल (एनसीसी) को छोड़कर), उत्तर प्रदेश।

पत्रांक- आ०ले०प०-2036/ 8160 / अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018, लखनऊः दिनांक 25-01-2023

विषय : मानव सम्पदा पोर्टल के माध्यम से मेरिट बेस्ड ऑनलाइन ट्रांसफर सिस्टम विकसित किए जाने के सम्बन्ध में समस्त विभागों/कार्यालयों की कार्यालय ID बनाए जाने के संबंध में दिशा निर्देश।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक 17-08-2022 को आयोजित बैठक में निर्गत निर्देशों के क्रम में इस निदेशालय के पत्र संख्या आ०ले०प०-2856/ अधि०/मानव सम्पदा पोर्टल/2018 दिनांक 13-10-2022 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा समस्त विभागों तथा उनके अधीनस्थ कार्यालयों, जहां पर आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के लेखा, लेखा परीक्षा एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के कार्मिक तैनात होते हैं, उन कार्यालयों की ID तथा पासवर्ड इस निदेशालय के स्तर से बनाकर सम्बन्धित विभागों/कार्यालयों को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित कार्यालयों की सूचना निर्धारित प्रारूप पर बनाकर **अपने विभाग के समस्त कार्यालयों की संकलित सूचना** दिनांक 25-10-2022 तक प्रेषित किए जाने का अनुरोध किया गया है।

इस संबंध में अवगत कराना है कि आपके विभाग के समस्त कार्यालयों की संकलित सूचना आपके स्तर से अभी तक इस निदेशालय में प्राप्त नहीं हुई है। वर्तमान में समस्त कार्यालयों की ID आन्तरिक लेखा निदेशालय में उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर बना ली गई हैं।

यह भी अवगत कराना है कि कतिपय विभागों में मानव संपदा पोर्टल से Pay Portal को लिंक किया जा चुका है। अतः यह आवश्यक है कि विभिन्न विभागों के अधीनस्थ कार्यालयों की आन्तरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के अन्तर्गत जो नई ID बनाई गई है, उसमें निर्धारित प्रारूप के अनुसार सही डाटा भरा जाए। निकट भविष्य में समस्त विभागों के मानव संपदा पोर्टल को pay पोर्टल से लिंक किया जाना संभावित है। अतः उक्त कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण किया जाना आवश्यक है। अन्यथा pay portal को मानव संपदा पोर्टल से लिंक किए जाने पर लेखा, लेखा परीक्षा, एवं सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के वेतन आदि के भुगतान संबंधी कठिनाइयाँ उत्पन्न हो जाएंगी।

अतः आपसे पुनः अनुरोध है कि निर्धारित प्रारूप पर **अपने विभाग के समस्त कार्यालयों की संकलित सूचना** विलंबतम 31 जनवरी 2023 तक इस निदेशालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि तदनुसार कार्यालय ID में सही एवं पूर्ण सूचनाएं अंकित कराई जा सकें तथा लेखा, लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षा संवर्ग के कार्मिकों के वेतन भत्तों का भुगतान सुचारु रूप से होता रहे।

इस संबंध में किसी अन्य जानकारी हेतु निदेशालय के श्री यदुवेश चतुर्वेदी, लेखाकार से (मोबाईल नंबर 9450000532 एवं 8318766201) संपर्क स्थापित कर सकते हैं।

संलग्नक- निर्धारित प्रारूप।

भवदीया,

(साधना श्रीवास्तव)
निदेशक

प्रारुप

1	कार्यालय का नाम	
2	कार्यालय का पता	
3	राज्य	
4	जनपद	
5	एरिया का प्रकार (Urban/Rural)	
6	कार्यालयध्यक्ष (पदनाम)	
7	तहसील (यदि कोई है)	
8	ब्लाक (यदि कोई है)	
9	DDO कोड+	
10	कोषागार कोड	
11	कार्यालय का फोन न0	
12	इमेल ID	
13	कार्यालयाध्यक्ष का नाम	
14	कार्यालयाध्यक्ष का मोबाईल नंबर	

हस्ताक्षर व मुहर पदनाम सहित